रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-14102026-277156
CG-DL-E-14102026-277156

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 811]	नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 13, 2026/आश्विन 21, 1948
No. 811]	NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 13, 2026/ASVINA 21, 1948

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर, 2026

सा.का.नि. 882(अ).— केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित कतिपय प्रारूप नियम में, जिसे केंद्रीय सरकार मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 110 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और संशोधन करने का प्रस्ताव करती है, को इस अधिनियम की धारा 212 की उप-धारा (1) के द्वारा यथा आवश्यक इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; और एतदद्वारा नोटिस दिया जाता है कि प्रारूप नियमों को उस तारीख से तीस दिन की अवधि समाप्त होने के बाद विचारार्थ स्वीकार कर लिया जाएगा जिस तारीख से सरकारी राजपत्र में यथा प्रकाशित इस अधिसूचना की प्रतियां जनता के लिए उपलब्ध करायी जाती हैं;

विनिर्दिष्ट अवधि समाप्त होने के पहले उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाले आक्षेपों या सुझावों पर केंद्र सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

इन प्रारूप नियमों के प्रति आक्षेपों एवं सुझावों, यदि कोई हो, को अपर सचिव (एमवीएल, परिवहन और सड़क सुरक्षा), सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 या ईमेल: comments-morth@gov.in, के माध्यम से भेजा जा सकता है।

प्रारूप नियम

1. संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय मोटर यान (........संशोधन) नियमावली, 2026 है।

(2) परंतु इन नियमों में अन्यथा यथा उपबंधित के सिवाय, ये दिनांक 01 अक्टूबर, 2026 से प्रवृत्त होंगे।

2. केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 (इसके बाद मूल नियमों के रूप में उल्लिखित) के नियम 115 में, उप-नियम (22) के पश्चात, एक नया उप-नियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

23 (ii) श्रेणी एम2, एम3, एन2 और एन3 वाहनों के लिए भारत स्टेज VII (बीएस-VII) के लिए उत्सर्जन मानक

तालिका 1: 1 अप्रैल 2031 को या उसके बाद निर्मित एम2, एम3, एन2 और एन3 श्रेणी के वाहनों के सभी मॉडलों के लिए भारत स्टेज VII (बीएस-VII) के लिए उत्सर्जन मानक

	प्रदूषक का उत्सर्जन	डब्ल्यूएचएससी (सीआई) और डब्ल्यूएचटीसी (सीआई और पीआई)	वास्तविक ड्राईविंग उत्सर्जन (आरडीई)
		प्रति किलोवाट घंटा	प्रति किलोवाट घंटा
	(1)	(2)	(3)
(1)	नाइट्रोजन के ऑक्साइड, एनओएक्स मिलीग्राम में	200	260
(2)	पार्टिकुलेट मैटर, पीएम मिलीग्राम में	8	-
(3)	पार्टिकुलेट संख्या, पीएन10 # में	6×1011	9×1011
(4)	कार्बन मोनोऑक्साइड, सीओ मिलीग्राम में	1500	1950
(5)	गैर-मीथेन ऑरगैनिक गैस, एनएमओजी मिलीग्राम में	80	105
(6)	अमोनिया, एनएच$_3$ मिलीग्राम में	60	85
(7)	मीथेन, सीएच$_4$ मिलीग्राम में	500	650
(8)	नाइट्रस ऑक्साइड, एन$_2$ओ मिलीग्राम में	200	260
(9)	फॉर्मेल्डिहाइड, एचसीएचओ मिलीग्राम में	आरक्षित	आरक्षित

पीआई - घनात्मक प्रज्वलन; सीआई - संपीड़न प्रज्वलन; डब्ल्यूएचएससी- वर्ल्ड हार्मोनाइज्ड स्टेशनरी साइकिल; डब्ल्यूएचटीसी- वर्ल्ड हार्मोनाइज्ड ट्रैन्शन्ट साइकिल

तालिका 2: परीक्षण प्रयोज्यता तिथियां

लागूता तिथि	टीए, सीओपी और आईएससी के दौरान परीक्षण अपेक्षाओं का अनुप्रयोग				ब्रेक पार्टिकल उत्सर्जन सीमा	बैटरी स्थायित्व के लिए न्यूनतम प्रदर्शन अपेक्षाएं (एमपीआर)	टायर उत्सर्जन सीमा
	सड़क परीक्षण में गैसीय प्रदूषक और पीएन	गैसीय प्रदूषक, पीएम, पीएन और सीओ$_2$ उत्सर्जन, ईंधन की खपत (डब्ल्यूएचटीसी और डब्ल्यूएचएससी)	ओबीडी+ओबीएम+ओबीएफसीएम	ईवीपी			
1 अप्रैल 2031 **(चरण-I)**	✓	✓	✓ ओबीडी+ओबीएम-I (केवल ओबीडी पोर्ट पर)+ओबीएफसीएम-I (केवल ओबीडी पोर्ट पर)	✓	--	--	--

1 अप्रैल 2033 **(चरण-II)**	✓	✓	✓ ओबीएम-II (ओवर द एयर) + ओबीएफसीएम- (ओवर द एयर)	✓	✓ पीएम और पीएन सीमा पावर ट्रेन पर आधारित हैं	✓	--
1 अप्रैल 2035 **(चरण-III)**	✓	✓	✓	✓	✓ पीएम और पीएन सभी पावर ट्रेन के लिए एकल सीमा निर्धारित करते हैं	✓	✓

टीए-प्रकार (टाईप) अनुमोदन; **सीओपी**-उत्पादन की अनुरूपता; **आईएससी**-इन-सर्विस अनुरूपता; **ओबीडी**-ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स; **ओबीएम**-ऑन-बोर्ड निगरानी; **ओबीएफसीएम**-ऑन-बोर्ड ईंधन खपत निगरानी; **ईवीपी**-पर्यावरण वाहन पासपोर्ट;

तालिका 3क: श्रेणी एम2, एम3, एन2 और एन3 के वाहनों के लिए टाईप-अनुमोदन और टाईप-अनुमोदन के विस्तार के लिए परीक्षण अपेक्षाओं और घोषणाओं का अनुप्रयोग

परीक्षण अपेक्षाएँ	उत्सर्जन टाईप-अनुमोदन के लिए परीक्षण और अपेक्षाएँ	उत्पादन की अनुरूपता पर परीक्षण	इन-सर्विस अनुरूपता पर परीक्षण
प्रत्येक ईंधन और लागू वाहन श्रेणियों (एम2, एम3, एन2 और एन3) के लिए सड़क परीक्षण (आरडीई) में गैसीय प्रदूषक और पीएन	सभी ईंधनों के लिए आवश्यक प्रदर्शन परीक्षण जिनके लिए प्रति वाहन प्रकार के लिए टाईप-अनुमोदन दिया जाना है और सभी ईंधनों, सभी पेलोड और सभी लागू वाहन श्रेणियों (**) के लिए अनुपालन की घोषणा	अपेक्षित नहीं	अपेक्षित (***)
गैसीय प्रदूषक, पीएम, पीएन और सीओ$_2$ उत्सर्जन, ईंधन की खपत (डब्ल्यूएचटीसी और डब्ल्यूएचएससी)	इंजन श्रेणी के मूल इंजन पर आवश्यक और सभी श्रेणी के सभी इंजनों के लिए घोषणा (*); (**)	इंजन श्रेणी के सभी इंजन पर अपेक्षित (**)	अपेक्षित नहीं
सीओ$_2$ उत्सर्जन, ईंधन और विद्युत ऊर्जा की खपत, शून्य-उत्सर्जन और वाहन***** की इलेक्ट्रिक रेंज का निर्धारण	ऊर्जा दक्षता उपकरण सिमुलेशन उपकरण संचालित करने के लिए लाइसेंस जारी करना; घटक प्रमाणपत्र जारी करना	घटकों के लिए	अपेक्षित नहीं
सत्यापन परीक्षण प्रक्रिया	अपेक्षित नहीं	आवश्यक	अपेक्षित नहीं
क्रैंककेस उत्सर्जन	क्लोज्ड क्रैंककेस प्रणाली या टेलपाइप में रूटिंग की स्थापना की जाँच करना	क्लोज्ड क्रैंककेस प्रणाली या टेलपाइप में रूटिंग की स्थापना की जाँच करना	अपेक्षित नहीं
उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियों का स्थायित्व	घोषणा	अपेक्षित नहीं	अपेक्षित
उपभोज्य अभिकर्मक और प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों का उपयोग करके प्रणालियों का संचालन	अपेक्षित	अपेक्षित नहीं	अपेक्षित नहीं
बैटरी का टिकाऊपन	घोषणा	अपेक्षित नहीं	आवश्यक
शक्ति निर्धारण	आवश्यक (**)	आवश्यक (**)	अपेक्षित नहीं
ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स (ओबीडी श्रेणी स्तर)	प्रदर्शन-	अपेक्षित नहीं	अपेक्षित नहीं

ऑन-बोर्ड निगरानी (ओबीएम श्रेणी स्तर)	घोषणा और प्रदर्शन	अपेक्षित नहीं	आवश्यक
ओबीएफसीएम (ईंधन और विद्युत ऊर्जा खपत के ऑन-बोर्ड मापन के साथ-साथ पेलोड)	अपेक्षित	अपेक्षित	अपेक्षित
एंटी-टैम्परिंग, सुरक्षा और साइबर सुरक्षा	घोषणा और प्रलेखन (**)	अपेक्षित नहीं	अपेक्षित नहीं
जियोफेंसिंग प्रौद्योगिकियां (जहां लागू हो)	घोषणा और प्रदर्शन	अपेक्षित नहीं	अपेक्षित नहीं

(*) सभी पावर रेटिंग के इंजन परीक्षण के डेटा द्वारा समर्थित।

(**) उत्सर्जन टाईप-अनुमोदित इंजन प्रणाली वाले वाहन के मामले में, इंजन निर्माता इस परीक्षण में वाहन के अनुपालन कार्य के लिए उत्तरदायी है (इंजन एक अलग तकनीकी इकाई के रूप में टाईप-अनुमोदित है)।

(***) उत्सर्जन टाईप-अनुमोदित इंजन प्रणाली वाले वाहन के मामले में, वाहन निर्माता के साथ सहमति होने पर इस परीक्षण में वाहन के अनुपालन कार्य के लिए इंजन निर्माता उत्तरदायी है।

(****) सिमुलेशन टूल का उपयोग करके सीओ$_2$ और ईंधन की खपत के लिए प्रावधान अलग से अधिसूचित किए जाएंगे।

घोषणा, प्रलेखन और प्रदर्शन अपेक्षाओं का विस्तृत विवरण समय-समय पर यथा-संशोधित एआईएस-215 में दिया जाएगा।

तालिका 3ख: टाइप-अनुमोदन के लिए परीक्षण अपेक्षाओं की प्रयोज्यता

				धनात्मक (पॉजिटिव) प्रज्वलन इंजन					**संपीड़न प्रज्वलन इंजन**				**दोहरा(ड्यूल) फ्यूल इंजन**	पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन	हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
				एकल ईंधन (मोनो-फ्यूल)			**फ्लेक्स ईंधन**	**फ्लेक्स ईंधन**	**मोनो फ्यूल**			**फ्लेक्स ईंधन**		—	**हाइड्रोजन (ईंधन सेल)**
रेफरन्स ईंधन	**गैसोलिन (ई10)/ (ई20) (6)**	**एथेनॉल (ई100)/ मेथनॉल एम100**	**एलपीजीगैस**	**सीएनजी/बायो-मीथेन/बायोगैस/एलएनजी**	**हाइड्रोजन (आईसीई)**	**एचसीएनजी (हाइड्रोजन + सीएनजी)**	**एथेनॉल (ई20)** **(ई85)/** (ई100)	**मेथनॉल (एम15)** **(एम85)/** (एम100)	**डीज़ल (बी7)**	**बायोडीजल 100%**	**एथेनॉल (ईडी 95)**	**बायो-डीजल (बी7)** **(बी100) (1)**	**डीजल (बी7) + (सीएनजी/एलएनजी)** (2)		
गैसीय प्रदूषक	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हां (दोनों ईंधन)	हां (दोनों ईंधन)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (2)	--	--
कण द्रव्यमान	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हां (दोनों ईंधन)	हां (दोनों ईंधन)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (2)	--	--
पीएम संख्या	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हां (दोनों ईंधन)	हां (दोनों ईंधन)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (2)	--	--
निष्क्रिय उत्सर्जन	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	--	--
क्रैंककेस उत्सर्जन	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	--	--
इन सर्विस कंफर्मिटी	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (दोनों ईंधन)	हाँ (दोनों ईंधन)	हाँ	हाँ	हाँ	हां (केवल बी7 के लिए)	हाँ (2)	--	--
ओबीडी	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (2)	--	--
सीओ2 उत्सर्जन और विद्युत ऊर्जा खपत, शून्य उत्सर्जन और वाहनों की विद्युत सी	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ

मा का निर्धारण															
आरडीई गैसीय और पीएन10 के लिए प्रदर्शन	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हां (दोनों ईंधन)	हां (दोनों ईंधन)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (2)		
इंजन/मोटर पावर	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
ओबीएम	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	--	--
ओबीएफसीएम (ऑन-बोर्ड ईंधन खपत और विद्युत खपत, साथ ही पेलोड)	हाँ	हाँ	--	--	--	--	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	--	हाँ	हाँ
बैटरी स्थायित्व	---	---	---	---	---	---	---	---	---	---	---	---	---	हाँ	हाँ
ऑफ साईकल उत्सर्जन (डब्ल्यूएनटीई)	---	---	---	---	---	---	---	---	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ (2)	--	--

शीर्षकों के लिए व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ-

1. 7 प्रतिशत तक बायो डीजल मिश्रण से चलने वाले वाहनों या इंजनों का परीक्षण संदर्भ डीजल (बी7) के साथ किया जाएगा और 7 प्रतिशत से अधिक बायो डीजल मिश्रण से चलने वाले वाहनों का परीक्षण संबंधित मिश्रणों के साथ किया जाएगा।
2. ड्यूल फ्यूल इंजन के लिए परीक्षण की प्रयोज्यता संबंधी अपेक्षाएं वर्ल्ड हार्मोनाइज्ड ट्रांजिएंट साइकिल (डब्ल्यूएचटीसी) परीक्षण चक्र के गर्म भाग पर मापे गए गैस ऊर्जा अनुपात (जीईआर) पर निर्भर करती हैं। जीईआर का वर्गीकरण समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस: 215 भाग 2 के अनुसार होगा।

तालिका 4: 1 अप्रैल 2033 को या उसके बाद निर्मित एम2, एन2, एम3 और एन3 श्रेणियों के वाहनों के लिए ब्रेक जनित कण उत्सर्जन सीमाएँ

उत्सर्जन सीमा	**वाहनों का श्रेणियाँ एम2 और एन2, एम3 और एन3**				
पावरट्रेन प्रौद्योगिकी	पीईवी	ओवीसी-एचईवी	नोवसी-एचईवी	एफसीवी/एफसीएचवी	आईसीईवी
ब्रेक जनित कण उत्सर्जन (पीएम10)	*	*	*	*	*
ब्रेक जनित कण संख्या उत्सर्जन (पीएन)	*	*	*	*	*

*ब्रेक पार्टिकल उत्सर्जन सीमाएँ, पार्टिकुलेट मास (पीएम10) और पार्टिकल नंबर (पीएन) अलग से अधिसूचित की जाएंगी।

तालिका 5: ब्रेक सिस्टम के प्रकार-अनुमोदन के लिए परीक्षण अपेक्षाओं की प्रयोज्यता

परीक्षण अपेक्षाएं	**परीक्षण और अपेक्षाएं के लिए उत्सर्जन प्रकार -अनुमोदन**	**उत्पादन की अनुरूपता पर परीक्षण**	**सेवाकालीन अनुरूपता परीक्षण**
	परीक्षण एजेंसी	परीक्षण एजेंसी	परीक्षण एजेंसी
ब्रेक साइकिल ब्रेक प्रणाली उत्सर्जन पर परीक्षण	अपेक्षित	लेखापरीक्षा /वैकल्पिक परीक्षण	अपेक्षित

तालिका 6: न्यूनतम प्रदर्शन अपेक्षाएं (एमपीआर) के लिए बैटरी स्थायित्व हेतु वाहनों का श्रेणियाँ एम2, एम3, एन 2 और एन31 अप्रैल 2033 को या उसके बाद निर्मित

बैटरी ऊर्जा आधारित एमपीआर	वाहनों में मुख्य लाईफटाईम (**)	वाहनों में अतिरिक्त लाईफटाईम (**)
ओवीसी-एचईवी	*	*
पीईवी	*	*

(*) बैटरी स्थायित्व के लिए न्यूनतम प्रदर्शन आवश्यकताएँ (एमपीआर) अलग से अधिसूचित की जाएंगी।

(**) तालिका 11 में निर्दिष्ट अनुसार।

तालिका 7: 1 अप्रैल 2035 को या उसके बाद निर्मित एम 2, एन2, एम3 और एन3 श्रेणियों के सभी मॉडलों के वाहनों के लिए ब्रेक कण उत्सर्जन सीमाएँ

उत्सर्जन सीमा	वाहनों का श्रेणियाँ एम2 और एम3	वाहनों का श्रेणियाँ एन2 और एन3
ब्रेक कण उत्सर्जन (पीएम10)	*	*
ब्रेक कण संख्या उत्सर्जन (पीएन)	*	*

*ब्रेक पार्टिकल उत्सर्जन सीमाएँ, पार्टिकुलेट मास (पीएम 10) और पार्टिकल नंबर (पीएन) अलग से अधिसूचित की जाएंगी।

तालिका 8: 1 अप्रैल 2035 को या उसके बाद निर्मित वाहन श्रेणियों एम2, एन2, एम3 और एन3 के लिए सी2 और सी3 टायरों की घर्षणसीमाएँ।

टायर घर्षणसीमाएँ	सी2 टायर	सी3 टायर
सामान्य टायर	*	*

*टायर घर्षणसीमा की सूचना अलग से दी जाएगी।

तालिका 9: सी2 और सी3 टायरों के प्रकार-अनुमोदन के लिए परीक्षण अपेक्षाओं की प्रयोज्यता

परीक्षा अपेक्षाएं	परीक्षण और अपेक्षाएं के लिए टाइप-अनुमोदन	उत्पादन अनुरूपता पर परीक्षण	सेवाकालीन अनुरूपता पर परीक्षण
टायर घर्षणपरीक्षण	*	*	*

*टाइप अनुमोदन सी2 और सी3 टायरों के लिए परीक्षण प्रयोज्यता संबंधी अपेक्षाओं को अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

टिप्पणियाँ:

1. वाहनों को इस प्रकार डिजाइन, निर्मित और एकत्रित किया जाएगा जिससे उनके जीवन-चक्र के सभी चरणों में उत्पन्न होने वाली कमजोरियों को कम से कम किया जा सके, जो ईंधन और अभिकर्मक इंजेक्शन प्रणाली, इंजन और इंजन नियंत्रण इकाई, कर्षण बैटरी और संबंधित प्रबंधन प्रणालियों, ओडोमीटर, प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों, इलेक्ट्रिक मोटर और संबंधित नियंत्रण इकाइयों, ओबीएफसीएम उपकरणों, ओबीडी प्रणाली, ओबीएम प्रणाली और ईवीपी में छेड़छाड़ का कारण बन सकती हैं।

2. श्रेणी एम2, एम3, एन2, एन3 के वाहनों के निकास उत्सर्जन सीमाओं के अनुपालन का परीक्षण करने की प्रक्रिया, संदर्भ ईंधन और स्नेहक (निर्माता द्वारा जारी विनिर्देशों के भीतर) के साथ, निम्नानुसार होगी।

क. संपीड़न प्रज्वलन इंजन के लिए निकास उत्सर्जन परीक्षण डब्ल्यूएचएससी और डब्ल्यूएचटीसी का उपयोग करके और धनात्मक प्रज्वलन इंजन के लिए केवल डब्ल्यूएचटीसी का उपयोग करके, एआईएस-215-भाग 2 में समय-समय पर संशोधित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित किए जाएंगे।

ख. सड़क पर किए जाने वाले आरडीई परीक्षणों के लिए, परीक्षण प्रक्रिया समय-समय पर संशोधित एआईएस-215-भाग 2 के अनुसार होगी। लागू सीमाएँ तालिका 1 में दी गई आरडीई सीमाएँ होंगी।

3. विनिर्माण और परीक्षण एजेंसी के लिए टाइप अनुमोदन, उत्पादन की अनुरूपता और सेवाकालीन अनुपालन के लिए परीक्षण अपेक्षाओं का अनुप्रयोग तालिका 3 के अनुसार होगा और समय-समय पर संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगा।

4. जिन वाहनों में जियोफेंसिंग तकनीक से लैस आंतरिक दहन इंजन लगे हों, उन्हें निर्माता 'बीएस-वीआईआई-जी' श्रेणी के वाहनों के रूप में मान्यता प्राप्त कर सकते हैं। जियोफेंसिंग तकनीक के उपयोग को टाइप-अप्रूवल के दौरान मान्यता देने वाली एजेंसी को प्रदर्शित किया जाना चाहिए और वाहन के जीवनकाल के दौरान एआईएस-215-भाग 2 में समय-समय पर संशोधित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापित किया जाना चाहिए।

5. उत्पादन की अनुरूपता (सीओपी) के उद्देश्य से मानदंडों में कोई छूट नहीं दी जाएगी और अनुपालन की प्रक्रिया समय-समय पर संशोधित एआईएस-215 भाग 6 के अनुसार होगी।

6. उत्पादन अनुरूपता (सीओपी) की आवृत्ति और नमूने निम्नानुसार होंगे: -

(i) प्रत्येक इंजन मॉडल और उसके वेरिएंट के लिए उत्पादन अवधि की अनुरूपता वर्ष में एक बार होगी।

(ii) जहां छह माह में उत्पादन मात्रा प्रति मॉडल 250 से कम है, जिसमें इसके वेरिएंट भी शामिल हैं, वहां एआईएस 215 पार्ट-6 में निहित प्रावधान लागू होंगे।

7. तालिका 1 में उल्लिखित सीमाएं निम्नलिखित ईंधनों में से किसी भी ईंधन से चलने वाले वाहनों पर लागू होंगी:

-
    - मोनोफ्यूल सीएनजी, बायो-सीएनजी/बायो-मीथेन, बायो-गैस, एलएनजी, एलपीजी, एचसीएनजी, डीजल (बी7), गैसोलीन ई20, इथेनॉल मोनोफ्यूल, हाइड्रोजन, मेथनॉल मोनोफ्यूल
    - फ्लेक्स फ्यूल वाहन जो ई20 से ई85, एम15 से एम85/एम100, इथेनॉल (ईडी95), 100% तक बायो-डीजल मिश्रण से चलते हैं।
    - डीजल और सीएनजी, बायोगैस, बायो-सीएनजी/बायो-मीथेन या एलएनजी में से किसी भी ईंधन से चलने वाले दोहरे ईंधन वाले इंजन।
    - पेट्रोल और सीएनजी/बायो-सीएनजी/बायो-मीथेन/बायो-गैस/एलएनजी/एलपीजी में से किसी अन्य ईंधन से चलने वाले द्वि-ईंधन इंजन।

उत्पादन की गुणवत्ता और अनुरूपता के लिए, परीक्षण ईंधन नीचे निर्दिष्ट संदर्भ ईंधन या वाणिज्यिक ईंधन होगा।

8. रेफरेंस (संदर्भ) ईंधनों के लिए विशिष्टताएँ निम्न प्रकार हैं: -

क. संदर्भ प्राकृतिक गैस, प्राकृतिक गैस या बायो-मीथेन मोनो-फ्यूल या बाई-फ्यूल वाहनों में प्रयुक्त ईंधन, अनुलग्नक IV-एल (जी20, जी23 और जी25) के अनुसार होगा।

ख. एलपीजी मोनो-फ्यूल या बाई-फ्यूल वाहनों में प्रयुक्त संदर्भ एलपीजी ईंधन अनुलग्नक IV एम (ईंधन ए और ईंधन बी) के अनुसार होगा। तथापि, सीएनजी/एलपीजी के लिए संदर्भ ईंधन उपलब्ध न होने की स्थिति में, समय-समय पर संशोधित बीआईएस 15958:2012 के अनुसार व्यावसायिक रूप से उपलब्ध सीएनजी और बीआईएस 14861:2000 के अनुसार एलपीजी का उपयोग टाइप अनुमोदन और उत्पादन की अनुरूपता के प्रयोजन के लिए किया जाएगा।

ग. संदर्भ इथेनॉल ईंधन (ईडी95) का विवरण अनुलग्नक IV-आर में दिया गया है।

घ. संदर्भ डीजल ईंधन (बी7) अनुलग्नक IV-टी में निर्दिष्टानुसार होगा।

ङ. संदर्भ ईंधन बायोगैस (बायो-मीथेन) आईएस 16087:2020 के अनुसार और समय-समय पर किए गए संशोधन के अनुरूप होगा।

च. अनुलग्नक IV-डब्ल्यू में निर्दिष्ट 'बीएस-VII पॉजिटिव इग्निशन इंजन के लिए हाइड्रोजन' ही संदर्भ ईंधन होगा।

छ. संदर्भ ईंधन हाइड्रोजन संवर्धित संपीड़ित प्राकृतिक गैस (एचसीएनजी) आईएस 17314:2019 और समय-समय पर संशोधित के अनुसार होगा।

ज. संदर्भ ई20 ईंधन (गैसोलीन में 20 प्रतिशत इथेनॉल) आईएस 17943: 2022 और बीआईएस द्वारा समय-समय पर संशोधित के अनुसार होगा।

झ. संदर्भ ई85 ईंधन (गैसोलीन में 85 प्रतिशत इथेनॉल) अनुलग्नक IV-क्यू के अनुसार होगा। (मानक संख्या बीआईएस द्वारा बनाई और निर्दिष्ट की जाएगी)।

ञ. संदर्भ बी100 ईंधन अनुलग्नक IV-एस और समय-समय पर संशोधित के अनुसार होगा। (मानक संख्या बीआईएस द्वारा बनाई और निर्दिष्ट की जाएगी)।

ट. यदि वाहनों में इथेनॉल का उपयोग एकल ईंधन के रूप में किया जाता है, तो टाइप अनुमोदन और उत्पादन की अनुरूपता के प्रयोजन के लिए समय-समय पर संशोधित आईएस17821:2022 के अनुसार व्यावसायिक रूप से उपलब्ध इथेनॉल ईंधन का उपयोग किया जाएगा।

ठ. मेथनॉल से चलने वाले वाहनों के लिए संदर्भ ईंधन विनिर्देश, जहां लागू हो, अनुलग्नक IV-वाई, अनुलग्नक IV-जेड, अनुलग्नक IV-जेडए और अनुलग्नक IV-जेडबी के अनुसार होंगे।

9. वाणिज्यिक ईंधनों के लिए विनिर्देश निम्नानुसार होंगे: -

क. वाणिज्यिक गैसोलीन ईंधन अनुलग्नक IV-यू और समय-समय पर संशोधन के अनुसार होगा।

ख. वाणिज्यिक सीएनजी और वाणिज्यिक एलपीजी के लिए विनिर्देश क्रमशः बीआईएस 15958:2012 और बीआईएस 14861:2000 और समय-समय पर संशोधन के अनुसार होंगे।

ग. वाणिज्यिक डीजल में प्रयुक्त बायोडीजल समय-समय पर संशोधित आईएस 15607 के अनुसार होगा।

घ. 7% तक बायो डीजल मिश्रण वाले वाणिज्यिक डीजल ईंधन के लिए विनिर्देश अनुलग्नक IV-वी और समय-समय पर संशोधन के अनुसार होंगे।

ङ. वाणिज्यिक ईडी95 के लिए विनिर्देश भारतीय मानक के अनुसार होंगे, जिन्हें समय-समय पर बीआईएस द्वारा संशोधित किया जाता है। तब तक, अनुलग्नक-IV आर के अनुसार विनिर्देशों को पूरा करने वाले ईंधन का उपयोग किया जा सकता है।

च. वाणिज्यिक बायोगैस (बायो-मीथेन) के लिए विनिर्देश आईएस 16087:2013 और समय-समय पर संशोधित के अनुसार होंगे।

छ. वाणिज्यिक हाइड्रोजन संवर्धित संपीड़ित प्राकृतिक गैस (एचसीएनजी) के लिए विनिर्देश आईएस 17314:2019 और समय-समय पर संशोधन के अनुसार होंगे।

ज. वाणिज्यिक ईंधन ई20 (गैसोलीन में 20 प्रतिशत इथेनॉल) के लिए विनिर्देश आईएस 17021: 2018 और समय-समय पर बीआईएस द्वारा संशोधन के अनुसार होंगे।

झ. वाणिज्यिक इथेनॉल ईंधन ई85 (गैसोलीन में 85 प्रतिशत इथेनॉल) के लिए विनिर्देश आईएस 16634:2017 और समय-समय पर बीआईएस द्वारा संशोधन के अनुसार होंगे।

ञ. वाणिज्यिक इथेनॉल मोनो-फ्यूल के लिए विनिर्देश आईएस 17821:2022 और समय-समय पर संशोधन के अनुसार होंगे।

ट. वाणिज्यिक हाइड्रोजन ईंधन के विनिर्देश बीआईएस द्वारा समय-समय पर संशोधित आईएस 16061: 2021 के अनुसार होंगे।

ठ. मिश्रण के लिए उपयोग किए जाने वाले मेथनॉल के वाणिज्यिक ईंधन विनिर्देश समय-समय पर संशोधित आईएस 17075: 2019 के अनुसार होंगे।

ड. एम15 ईंधन के लिए वाणिज्यिक ईंधन विनिर्देश आईएस 17076 : 2019 के अनुसार होंगे।

10. इंजन की शक्ति का मापन इंजन डायनेमोमीटर पर किया जाएगा और समय-समय पर संशोधित एआईएस-215-पार्ट 5 में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार परीक्षण किए जाने पर मापी गई शक्ति निर्दिष्ट शक्ति के अनुरूप होनी चाहिए।

11. निष्क्रिय उत्सर्जन और कण संख्या संबंधी अपेक्षाएं निम्नानुसार होंगी: -

क. इस उप-नियम में निर्दिष्ट पीआई इंजन से सुसज्जित वाहन को निम्नलिखित सीमाओं का अनुपालन करना होगा।

तालिका 10: पीआई इंजनों के लिए खाली चलने (आइडल) पर उत्सर्जन सीमाएं

क्र.सं.	वाहन का प्रकार	आइडल उत्सर्जन सीमाएं		उच्च आइडल उत्सर्जन सीमा (आरपीएम 2500+/- 200)	
		कार्बन मोनोऑक्साइड (CO%	एचसी (एन-हेक्सेन समतुल्य) पीपीएम		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	गैसोलीन के अलावा श्रेणी एम और एन के पीआई इंजन	0.3	200	-	-
2	श्रेणी एम और एन के गैसोलीन युक्त पीआई इंजन	0.3	200	0.2	1+/-0.03 या विनिर्माता के घोषणानुसार

ख. संपीड़न प्रज्वलन (सीआई) इंजन और कण (पार्टिकुलेट) निरोधक फिल्टर लगे वाहनों के मामले में, पार्टिकुलेट संख्या सांद्रता (#/से.मी.^{3} में) को आइडल अवस्था में समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215 (भाग 8) में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार मापा जाएगा। मापी गई पार्टिकुलेट संख्या की सांद्रता 1.0×10^6 पार्टिकल/से.मी.^{3} से अधिक नहीं होनी चाहिए।

10. गिरावट के कारक

क. वाहन विनिर्माता, समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार, वाहन के जीवनकाल में विभिन्न प्रदूषकों के लिए क्षरण कारकों का मूल्यांकन करेंगे।

ख. वैकल्पिक रूप से, विनिर्माता समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में निर्दिष्ट निश्चित क्षरण कारकों के विकल्प चयन कर सकते हैं:

11. इस उप-नियम में निर्दिष्ट वाहनों के लिए, वाहन के पूरे जीवनकाल के दौरान सेवाकालीन अनुरूपता (इन-सर्विस कॉनफरमिटी) की जांच की जाएगी। वाहनों की जीवनकाल संबंधी अपेक्षाएं नीचे दी गई तालिका के अनुसार होंगी:

तालिका 11: वाहन के इंजन और प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली का जीवनकाल

वाहनों, इंजनों और प्रतिस्थापन प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का जीवनकाल	**एम2**	**एन2, एन3≤16 टी (*),एम3≤7.5 टी (*)**	**एन3>16 टी (*),एम3>7.5 टी (*)**
प्राथमिक जीवनकाल	160 000 किमी तक या 8 वर्ष, इनमें से जो भी पहले आए	300 000 किमी या 8 वर्ष, इनमें से जो भी पहले आए	700 000 किमी या 12 वर्ष, इनमें से जो भी पहले आए
अतिरिक्त जीवनकाल	प्राथमिक जीवनकाल के बाद और 200 000 किमी तक या 10 वर्ष, इनमें से जो भी पहले आए	प्राथमिक जीवनकाल के बाद और 375 000 किमी तक या 10 वर्ष, इनमें से जो भी पहले आए	प्राथमिक जीवनकाल के बाद और 875,000 किमी तक या 15 वर्ष, इनमें से जो भी पहले आए
अतिरिक्त जीवनकाल के लिए स्थायित्व गुणक	गैसीय प्रदूषकों के लिए 1.2	**	**

(*) जीवीडब्ल्यू.

(**) अतिरिक्त जीवनकाल के लिए स्थायित्व गुणक को अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

14. टाइप अनुमोदन और आईएससी के दौरान पीईएमएस परीक्षण

क. टाइप अनुमोदन के दौरान, पीईएमएस का उपयोग करने वाले वाहनों पर आरडीई उत्सर्जन का माप सड़क पर समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

ख. आरडीई पीईएमएस क्षरण परीक्षण के लिए उपयोग किया जाने वाला टाइप अनुमोदन वाहन, इंजन सिस्टम को संस्थापित करने हेतु नियत वाहन श्रेणी का प्रतिरूप होना चाहिए। यह वाहन प्रोटोटाइप वाहन या अनुकूलित (अडेप्टेड) उत्पादन वाहन हो सकता है।

ग. टाइप अनुमोदन के लिए आरडीई पीईएमएस प्रदर्शन परीक्षण हेतु लागू सीमाएं तालिका 1 में दी गई आरडीई सीमाएं होंगी।

घ. समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वाहन के पूरे जीवनकाल में सेवाकालीन (इन-सर्विस) अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य जीवनकाल के लिए तालिका 1 में दी गई आरडीई सीमाएं लागू होंगी और अतिरिक्त जीवनकाल के लिए तालिका 11 में उल्लिखित स्थायित्व गुणक लागू होगा।

15. इस उप-खंड में निर्दिष्ट वाहनों को समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में दी गई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑफ-साइकिल प्रयोगशाला परीक्षण का अनुपालन करना होगा।

16. इस उप-खंड में निर्दिष्ट इंजन लगे वाहन, जो उत्सर्जन को कम करने के लिए अभिकर्मक रीएजेंट) के उपयोग पर निर्भर करते हैं, समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अभिकर्मक प्रणाली (रीएजेंट सिस्टम) के सही संचालन को सुनिश्चित करेंगे। नाइट्रोजन ऑक्साइड को कम करने वाला रीएजेंट अभिकर्मक एयूएस -32 (जलीय यूरिया विलयन) का विनिर्देश आईएसओ 22241-2006 के भाग 1 और भाग 2 या डीआईएन बी 70070 या आईएस:17042: भाग 1 और भाग 2: 2020 के अनुरूप होना चाहिए।

17. इस उप-नियम में निर्दिष्ट वाहनों में उत्सर्जन नियंत्रण के लिए एक ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक सिस्टम लगा होना चाहिए, जिसमें कंप्यूटर मेमोरी में संग्रहीत फॉल्ट कोड के माध्यम से खराबी के संभावित क्षेत्र की पहचान करने और एआईएस-215-भाग 2 (समय-समय पर यथा संशोधित) में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार उस जानकारी को ऑफ-बोर्ड संचारित करने की क्षमता होनी चाहिए।

18. इस उप-नियम में निर्दिष्ट वाहनों में ऑन-बोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम (ओबीएम) लगा होना अनिवार्य है, जो नाईट्रोजन ऑक्साइड, अमोनिया और पार्टिकूलेट मैटर के सभी उत्सर्जन की निगरानी और उसे दर्ज करने में सक्षम हो तथा संबंधित उत्सर्जन सीमा से कम से कम 2.5 गुना अधिक उत्सर्जन का पता लगा सके। 1 अप्रैल 2031 या उसके बाद विनिर्मित वाहनों के लिए ओबीएम डेटा ओबीडी पोर्ट पर उपलब्ध होगा। 1 अप्रैल 2033 या उसके बाद विनिर्मित वाहनों के लिए ओबीएम डेटा ओबीडी पोर्ट पर और ओवर द एयर उपलब्ध होगा। टाइप अनुमोदन के समय एआईएस-215-भाग 2 (समय-समय पर यथा संशोधित) में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ओबीएम के कार्य प्रदर्शन को मापा जाएगा।

19. इस उप-नियम में निर्दिष्ट वाहनों में ऑन-बोर्ड ईंधन और विद्युत ऊर्जा खपत निगरानी प्रणाली (ओबीएफसीएम) लगी होनी चाहिए, जो वास्तविक ईंधन और विद्युत ऊर्जा खपत तथा अन्य प्रासंगिक मापदंडों की निगरानी करने में सक्षम हो, जिनकी आवश्यकता वास्तविक ईंधन और ऊर्जा दक्षता निर्धारित करने के लिए होती है। 1 अप्रैल 2031 को या उसके बाद विनिर्मित वाहनों के लिए ओबीएम डेटा ओबीएफसीएम पोर्ट पर उपलब्ध होना चाहिए। 1 अप्रैल 2033 को या उसके बाद विनिर्मित वाहनों के लिए ओबीएफसीएम डेटा ओबीडी पोर्ट पर और अज्ञात रूप से ओवर द एयर उपलब्ध होना चाहिए। टाइप अनुमोदन के समय एआईएस-215-भाग 2 (समय-समय पर यथा संशोधित) में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ओबीएफसीएम का प्रदर्शन मापा जाना चाहिए।

20. इस उप-नियम में निर्दिष्ट वाहनों के लिए, वाहन प्रयोक्ताओं को अनुरूपता प्रमाण पत्र और टाइप-अनुमोदन दस्तावेज़ के साथ एक पर्यावरण वाहन पासपोर्ट (ईवीपी) उपलब्ध कराया जाएगा। वाहन प्रयोक्ताओं को ईंधन खपत, ट्रैक्शन बैटरी की स्थिति, प्रदूषक उत्सर्जन और ऑन-बोर्ड सिस्टम तथा मॉनिटर द्वारा उत्पन्न अन्य प्रासंगिक जानकारी तक भी सुलभता उपलब्ध होगी। ईवीपी को वाहन में प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जाएगी।

21. ब्रेक पार्टिकल उत्सर्जन सीमा के अनुपालन के परीक्षण की प्रक्रिया, ब्रेक उत्सर्जन संबंधी समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 4 के अनुसार होगी।

22. टायर घर्षण सीमा के अनुपालन के परीक्षण की प्रक्रिया समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 8 के अनुसार होगी।

23. बैटरी स्थायित्व के लिए न्यूनतम निष्पादन अपेक्षाओं (एमपीआर) की अपेक्षाएं समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 10 के अनुसार होंगी।

24. सीएनजी/बायो-मीथेन/एचसीएनजी वाहन, सभी सुरक्षा अपेक्षाओं को समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस 024, एआईएस-028 संशोधन 1 के अनुसार पूरा करेंगे।
25. हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले आईसी इंजन वाले वाहनों को सुरक्षा अपेक्षाओं को समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस 195 के अनुसार पूरा करना होगा।
26. वाहन निर्माता द्वारा 20% से अधिक इथेनॉल ईंधन के स्तर के लिए वाहन की अनुकूलता को परिभाषित किया जाएगा और इसे समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-171:2021 के अनुसार स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले लेबल द्वारा वाहन पर प्रदर्शित किया जाएगा।
27. अनधिकृत बदलाव को रोकने और सुरक्षा संबंधी अपेक्षाएं समय-समय पर यथा संशोधित एआईएस-215-भाग 2 के अनुसार होंगी।
28. साइबर सुरक्षा और ऑन द एयर सुरक्षा संबंधी अपेक्षाएं सीएमवीआर द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाएंगी।

[फा.सं. आरटी-11036/26/2025-एमवीएल]

महमूद अहमद, अपर सचिव

टिप्पण: मूल नियम भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड 3, उप-खंड (i) में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 889(अ), दिनांक 16 सितंबर, 2020 के माध्यम से प्रकाशित किए गए थे और पिछली बार अधिसूचना संख्या …….. दिनांक…………. के माध्यम से संशोधित किए गए थे।

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th October, 2026

G.S.R. 882(E).— The following draft of certain rules further to amend the Central Motor Vehicles Rules, 1989, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by section 110 of the Motor Vehicles Act, 1988 (59 of 1988), is hereby published as required by sub-section (1) of section 212 of the said Act, for information of all persons likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft rules will be taken into consideration after the expiry of thirty days from the date on which the copies of this notification as published in the Gazette of India, are made available to the public;

The objections or suggestions which may be received from any person in respect of the said draft rules before the expiry of the aforesaid period will be considered by the Central Government.

Objections and suggestions to these draft rules, if any, may be sent to the Additional Secretary (MVL, Transport & Road Safety), Ministry of Road Transport and Highways, Transport Bhawan, Parliament Street, New Delhi-110 001 or on the email: comments-morth@gov.in;

Draft Rules

1. Short title and commencement. - (1) These rules may be called the Central Motor Vehicles .... Amendment) Rules, 2026.

2) Save as otherwise provided in these rules, they shall come into force on 01st October 2026.

2. In Central Motor Vehicle Rules, 1989 (herein referred to as principal rules), in rule 115, after sub-rule (22), a new sub-rule shall be inserted namely;

23 (ii) The emission standards for Bharat Stage VII (BS-VII) for category M2, M3, N2 and N3 vehicles

TABLE 1: The emission standards for Bharat Stage VII (BS-VII) for category M2, M3, N2 and N3 vehicles, manufactured on or after 1st April 2031 for all models

	Pollutant emissions	WHSC (CI) and WHTC (CI and PI)	Real Driving Emissions (RDE)
		per kWh	per kWh
	(1)	(2)	(3)
(1)	Oxides of Nitrogen, NOx in mg	200	260
(2)	Particulate Matter, PM in mg	8	—
(3)	Particulate Number, PN10 in #	6x1011	9 x 1011
(4)	Carbon Monoxide, CO in mg	1500	1950
(5)	Non-Methane Organic Gas, NMOG in mg	80	105
(6)	Ammonia, NH_3 in mg	60	85
